तापमान
अधिकतम 31.4 डिग्री
न्यूनतम 16.6 डिग्री

हरिभूमि
# बालोद भूमि
रायपुर, गुरुवार 25 अप्रैल 2024

11 भिलाई के अर्जुन दल ने जीती कबड्डी स्पर्धा, चौसर…

12 रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दिया शत-प्रतिशत …




# लोकसभा में अपना प्रतिनिधि भेजने जिले के मतदाता कल डालेंगे वोट, तैयारियां पूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के दूसरे चरण के मतदान के अंतर्गत बालोद जिले के मतदाता कल 26 अप्रैल को मतदान करेंगे। बालोद जिला कांकेर लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। यहां होने वाले मतदान को शांतिपूर्ण एवं सफलतापूर्वक संपन्न कराने हेतु सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के द्वारा निर्वाचन से जुड़े सभी कार्यों का सतत मॉनिटरिंग की जा रही है, ताकि बालोद जिले में लोकसभा आम निर्वाचन का कार्य स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से निर्बाध रूप से संपन्न हो सके। सभी मतदान कर्मियों को सुबह 06 बजे लाईवलीहुड कॉलेज पाकुरभाट में मतदान सामग्रियों की प्राप्ति हेतु अनिवार्य रूप से पहुँचने के निर्देश दिए गए हैं।

**जिले में कुल 814 मतदान केंद्र** : उप जिला निर्वाचन अधिकारी चंद्रकांत कौशिक ने बताया कि जिले में कुल 814 मतदान केंद्र है। उन्होंने बताया कि निर्वाचन कार्य हेतु जिले में 73 सेक्टर अधिकारी, 73 सेक्टर पुलिस अधिकारी की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि 814 मतदान केंद्रों के लिए 814 पीठासीन अधिकारी, 814 मतदान अधिकारी क्रमांक 01, 814 मतदान अधिकारी क्रमांक 02, 814 मतदान अधिकारी क्रमांक 03 की ड्यूटी लगाई गई है। इसके साथ ही रिजर्व मतदान दलों हेतु 202 पीठासीन अधिकारी, 202 मतदान अधिकारी क्रमांक 01 के अलावा मतदान अधिकारी क्रमांक 02 के लिए 202 अधिकारी–कर्मचारियों एवं मतदान अधिकारी क्रमांक 03 के लिए 202 अधिकारी–कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

## दूसरे चरण में कांकेर लोकसभा क्षेत्र के लिए कल होगा मतदान




### सुरक्षा की चाक-चौबंद व्यवस्था

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बालोद जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से निर्वाचन संपन्न कराने हेतु सुरक्षा व्यवस्था की भी चाक–चौबंद व्यवस्था की गई है। पुलिस अधीक्षक सुरजन राम भगत ने बताया कि निर्वाचन के दौरान बालोद जिले में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम उपाय सुनिश्चित करने के लिए जिला पुलिस एवं अर्ध सैनिक बल तथा नगर सैनिक के कुल 1509 अधिकारी–कर्मचारियों ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने बताया कि इसके अंतर्गत बालोद जिले में केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के कुल 09, एवं छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के 02 कंपनियों की तैनाती की गई है। इसके अलावा जिला पुलिस बल के 525, छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के 75 तथा नगर सैनिक के 125 अधिकारी–कर्मचारियों की तैनाती की गई है। इसके अतिरिक्त बिलासपुर जिले से प्राप्त जिला पुलिस बल के 100 अधिकारी–कर्मचारियों की ड्यूटी भी निर्वाचन कार्य में लगाई गई है। श्री भगत ने बताया कि निर्वाचन कार्य के दौरान निर्विघ्न रूप से मतदान सम्पन्न कराने हेतु 73 पुलिस पेट्रोलिंग पाटएँ की ड्यूटी मतदान दलों के लिए रोड ओपनिंग एवं अन्य आवश्यक कार्यों के लिए लगाई गई है। श्री कौशिक ने बताया कि जिले के कुल 814 मतदान केन्द्रों के अंतर्गत नक्सल अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों में 01 सेक्शन तथा नक्सल संवेदनशील एवं क्रिटिकल मतदान केन्द्रों में हॉफ सेक्शन के आधार पर पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बलों की तैनातगी की गई है। भगत ने बताया कि जिले के सामान्य मतदान केन्द्रों में 01 वर्दीधारी तथा 01 विशेष पुलिस अधिकारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

### जिले में 6 लाख 90 हजार 557 मतदाता

उल्लेखनीय है कि बालोद जिले में कुल 06 लाख 90 हजार 557 मतदाता है, जिनमें महिला मतदाताओं की संख्या 03 लाख 51 हजार 389 है तथा पुरूष मतदाताओं की संख्या 03 लाख 39 हजार 162 है। जिले के 50 प्रतिशत मतदान केंद्रों का वेबकास्टिंग किया जाएगा। इसके अलावा जिले के प्रत्येक विधानसभा के 10–10 सहित कुल 30 मतदान केंद्रों का प्रबंधन महिला मतदान कर्मियों के द्वारा किया जाएगा जिसे संगवारी मतदान केंद्र का नाम दिया गया है। इसी तरह जिले के प्रत्येक विधानसभा के 01–01 मतदान केंद्रों का प्रबंधन दिव्यांग मतदान कर्मियों के द्वारा किया जाएगा। जिले के प्रत्येक विधानसभा के 05–05 मतदान केंद्रों का प्रबंधन सबसे युवा मतदान कर्मियों के द्वारा किया जाएगा। जिले में मतदान का समय सुबह 07 बजे से शाम 06 बजे तक निर्धारित है।

## खबर संक्षेप



### कमिश्नर व आईजी ने लिया व्यवस्थाओं का जायजा

**बालोद।** दुर्ग संभाग के कमिश्नर सत्यनारायण राठौर एवं पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने जिले के गुण्डरदेही विकासखण्ड के मतदान केन्द्र लिमोरा का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों से मतदान केन्द्र की व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। संभागायुक्त राठौर ने मतदान केन्द्र में सुगम मतदान एवं मतदाताओं को जरूरी सुविधा उपलब्ध कराने के लिए गर्मी के मौसम को देखते हुए शुद्ध पेयजल, छाया तथा मतदाताओं के बैठने के लिए कुर्सी, बेंच इत्यादि की समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए। मौके पर उपस्थित एस.डी.एम. गुण्डरदेही सुरेश साहू ने मतदान केन्द्रों में सभी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने की जानकारी दी।

### पाइप लाइन बिछाने खोदा गड्ढा खुला छोड़ा



**अंडा।** गुण्डरदेही मुख्यालय से 8 किमी दूर ग्राम नाहंदा में नल निर्माण के दौरान रोड में पाइप बिछाने के लिए गलियों को खुदाई की गई है, लेकिन वापस उसको पाटा नहीं गया है। ठेकेदार की लापरवाही के करण लोगों को चलने में दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। वहीं, दूसरी तरफ़ नालियों का गंदा पानी रोड में बिखरा पड़ा है। नालियों का पानी नली में न बहकर रोड में फैला हुआ, जिसके चलते गंदगी रोड में फैला रहता है। ग्राम पंचायत नाहंदा के सरपंच मंजू महेंद्र सोनकर ने बताया कि नल पाइप बिछाने के दौरान ठेकेदार की लापरवाही के चलते काम आधा अधूरा किया गया है, जिसके कारण लोगों को परेशानी हो रही है।

### अवैध शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**भिलाई।** शराब का अवैध कारोबार करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने आबकारी एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है। वैशाली नगर टीआई ममता अली शर्मा ने बताया कि लोकसभा चुनाव को लेकर शराब का अवैध कारोबार करने वालो के खिलाफ अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है। इसी के मद्देनजर मुखबिर की सूचना पर जवाहर नगर की ओर से बाइक में युवक बोरी में शराब लेकर आ रहा था। युवक को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम अटल आवास अर्जुन नगर मकान न0 36 नीरज साव बाइक बीआर 01 ईजेड 3744 में 96 पौवा शराब लेकर आ रहा था। जिसे पुलिस ने जब्त किया।

## लापरवाही : जिला मुख्यालय स्थित मातृ शिशु अस्पताल का मामला

# अस्पताल में लापरवाही, प्रसव के लिए भर्ती महिलाओं को नाश्ते में एक्सपायरी बिस्कुट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय स्थित मातृ शिशु अस्पताल में प्रसव के लिए भर्ती महिलाओं को एक्सपायरी बिस्कुट देने का मामला सामने आया है। दावा है कि जहाँ पर बीते कुछ दिनों से तीन माह एक्सपायरी बिस्कुट का वितरण सुबह नाश्ता के साथ किया जा रहा है, लेकिन हॉस्पिटल प्रबंधन द्वारा इस बड़ी लापरवाही पर ध्यान ही नहीं दिया जा रहा है। मामला हितग्राहियों की जागरूकता से सामने आया।

- भर्ती महिलाओं के परिजनों की सजगता से सामने आया मामला

जिले के प्रमुख हॉस्पिटल में शामिल 100 बिस्तर मातृ शिशु अस्पताल में रोजाना जिले भर से गर्भवती महिलाएं जचकी के लिए पहुँचती है, जिन्हें सुपोषण आहार देने का दावा प्रशासन द्वारा किया जाता है। मिली जानकारी के अनुसार 3 माह पूर्व जनवरी माह में एक्सपायर हो चुके बिस्किट को बीते चार–पांच दिनों से सुबह के नाश्ते में दिया जा रहा है। इस बात की जानकारी अस्पताल में भर्ती मरीज के परिजनों को होने पर उनके द्वारा इसका विरोध किया गया। आरोप है कि जिन कर्मचारियों की ओर इन्हें वितरण किया जा रहा था, उनके द्वारा परिजनों के साथ बुरा बर्ताव कर धमकी देते हुए कहा तुम्हें खाना है, तो खाओ वरना कुत्तों को खिला दो। वहीं आगे बात जब बढ़ने लगी तब कर्मचारियों द्वारा सभी महिलाओं से एक्सपायर बिस्कुट वापस माँगा गया, लेकिन कुछ महिलाओं ने बिस्कुट का पैकेट वापस नहीं किया।

ग्राम खैरतराई निवासी पुष्पा सोनकर ने बताया कि बीते चार-पाँच दिनों से लगातार सुबह नाश्ते के साथ रोजाना एक कंपनी का बिस्कुट दिया जा रहा है, लेकिन अन्य महिलाओं द्वारा बतलाने के बाद से जब बिस्कुट के पैकेट में एक्सपायरी डेट को देखा गया, तो वह बिस्किट का पैकेट एक्सपायरी निकला जिसके कारण बिस्कुट का उपयोग नहीं कर रहे हैं।

## जानकारी मिलने के बाद कर्मचारियों ने वापस लिए पैकेट





### 25 जनवरी 2024 अंकित है उपयोग की अंतिम तिथि

ग्राम खैरतराई निवासी बेदू राम सोनकर ने बताया कि उनकी पत्नी हॉस्पिटल में भर्ती है, जिन्हें नाश्ते में अन्य सामग्रियों के साथ ही बिस्कुट भी दिया गया था। पैकेट में पैकिंग डेट 28 अगस्त 2023 अंकित था और यूज की अंतिम तारीख 25 जनवरी 2024 तक थी। लेकिन, तीन महीने बीत जाने के बावजूद प्रसव के लिए पहुँची महिलाओं को वह बिस्कुट दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इसकी जानकारी कर्मचारियों को देने पर उन्होंने कहा कि खाना है तो खाओ नहीं तो कुत्तों को खिला देना या फेंक देना। वहीं, जब आगे शिकायत की बात कही गई, तब सभी बिस्कुट को कर्मचारियों द्वारा महिलाओं से मांग कर इकट्ठा कर लिया गया।

### होगी सघन जांच

बिस्कुट के संबंध में शिकायत प्राप्त हुई है। मामले में जाँच कर कार्रवाई के लिए भेज दिया गया है। प्रतिवेदन भी प्राप्त हुआ है। प्रतिवेदन में संशय होने पर अन्य बिन्दुओं पर भी सघन जाँच की जाएगी।

-**इंद्रजीत सिंह** चन्द्रवाल, कलेक्टर।

## फूड प्वाइजनिंग की चपेट में आए 10 मवेशी, 2 की मौत



**बालोद।** जिला मुख्यालय से महज 1 किलोमीटर दूर ग्राम हीरापुर में लगभग दस मवेशी फूड प्वाइजनिंग की चपेट में आ गए। उनमें से दो मवेशियों की मौत हो गई है, जबकि अन्य का इलाज जारी है। मिली जानकारी के अनुसार बीते रविवार को ग्राम हीरापुर में संकुल स्तरीय सामूहिक विवाह का आयोजन साहू समाज द्वारा किया गया था। इस दौरान समाज द्वारा सामूहिक भोजन की व्यवस्था अतिथि, परिजनों और ग्रामीणों के लिए की गई थी। कार्यक्रम के बाद बचे हुए खाने को खुले में फेंक दिया गया था, जिसे मवेशियों ने खा लिया। इससे दस से अधिक मवेशी बीमार पड़ गए, जिनका इलाज डॉक्टर द्वारा किया जा रहा है। फिलहाल गाँव में दो मवेशियों की मौत का मामला सामने आ चुका और फूड प्वाइजनिंग की चपेट में आ चुके अन्य 8 मवेशियों का इलाज जारी है। पशु चिकित्सक टीडी देवांगन ने बताया कि फूड प्वाइजनिंग की चपेट में आने से दो मवेशियों की मौत हुई है, वहीं तीन का इलाज जारी है।

- जिला मुख्यालय से लगे ग्राम हीरापुर का मामला

## नगर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च ...



**डौंडीलोहारा।** नगर में मंगलवार को जिला पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में नगर की पुलिस टीम ने फ्लैग मार्च किया। इस दौरान लोकसभा चुनाव के दौरान शांति व्यवस्था बनाए रखने की अपील की। पुलिस की टीम ने नगर के पुराने बस स्टैंड से विवेकानंद चौक, संजयनगर, राजापारा, टिकरापारा होते हुए नगर के रामनगर में सम्पन्न हुआ।

# खरीदे गए पूरे धान का उठाव, फिर भी बची है 982 बोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अर्जुन्दा

नगर से लगे ग्राम कांदुल में किसानों को चूना लगाये जाने का मामला सामने आया है। जहां के धान खरीदी केन्द्र में सरकारी आंकड़े के अनुसार किसानों से खरीदे गये पूरे धान का उठाव हो चुका है, इसके बावजूद हजारों क्विंटल धान अभी भी वहां मौजूद है। माना जा रहा है कि धान खरीदी के समय किसानों को चूना लगाते हुए अधिक धान खरीदा गया था, वही धान बाकी है।

- ग्राम कांदुल स्थित खरीदी केंद्र में किसानों ने लगाया था अधिक तौल का आरोप

जानकारी के मुताबिक कांदुल के धान खरीदी केन्द्र में वर्तमान में सरकारी आंकड़े के अनुसार उठाव के बावजूद 982 बोरी धान रखा हुआ है। जो लगभग 39 हजार किलो से भी अधिक है। गौरतलब हो कि धान खरीदी के दौरान किसानों से अधिक मात्रा में धान खरीदा का आरोप समिति पर लगा था। किसी से आधा किलो तो किसी से 900 ग्राम तक अधिक धान अधिक लिया जा रहा था। इस संबंध में हरिभूमि ने प्रमुखता से खबर प्रकाशित कर शासन प्रशासन का ध्यानाकर्षण कराया था। उसके बाद प्रशासन की टीम ने जांच भी की थी।



### वजन में कमी के बाद भी बचा धान

मिली जानकारी के अनुसार इस साल 52 लाख 67 हजार 560 क्विंटल धान की खरीदी कांदुल धान खरीदी केन्द्र में किसानों से की गई। उसके बाद 155 क्विंटल धान में कमी आई, जिसका उठाव भी हो चुका है। बावजूद इसके 982 बोरी धान अभी भी बाकी है। अब देखना यह होगा कि इस मामले में जिम्मेदारों पर क्या कार्रवाई होती है। जिला नोडल अधिकारी सौरभ भारद्वाज ने कहा कि धान खरीदी केंद्र कांदुल के संबंध में फोन के माध्यम से धान खरीदी केंद्र में अतिरिक्त धान होने की जानकारी ली गई। इस पर उनके द्वारा शार्टेज का धान है कहते हुए जांच करने की बात कही है।

## फ्यूज उड़ने और ट्रांसफार्मर ट्रिप होने की समस्या आम

# भीषण गर्मी में बिजली की आंख मिचौनी ने बढ़ाई लोगों की समस्या

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

भीषण गर्मी के बीच बिजली बंद होने की समस्या से लोग परेशान हो गए हैं। हाल यह है कि कभी भी बिजली बंद हो जा रही है। रात हो या दिन बिजली बंद होने की समस्या से लोग परेशान हैं। बिजली बंद होने के कारण का पता करने पर विभाग द्वारा सिर्फ एक ही बात ट्रांसफार्मर खराब होने या बिजली का तार टूटने की बात कही जाती है। ऐसे में विद्युत आपूर्ति को दुरुस्त करने मरम्मत कार्य कराने का दावा केवल खानापूर्ति नजर आ रही है।

मंगलवार की रात करीब तेज हवाओं के साथ हल्की बूंदाबांदी होने पर बिजली बंद हो गई।

बताया जा रहा है कि गर्मी के कारण ट्रांसफार्मर पर लोड बढ़ गया है, जिसकी वजह से ट्रांसफार्मर पर तकनीकी दिक्कतें शुरू हो गई हैं। फ्यूज उड़ने और ट्रांसफार्मर ट्रिप होने की समस्या आम हो गई है। शहर के पाण्डेपारा, बुधवारी बाजार, टिकरापारा, नयापारा, मारार पारा, संजय नगर, पाररास, ग्राम बघमरा, जुंगेरा, रानीतराई, तरौद, मनौद सहित खुर्सीपार में भी कई घंटों तक बिजली बंद रहने की शिकायत सामने आती है।



### ग्रामीण क्षेत्रों में समस्या अधिक, 10 घंटे बिजली बंद

जिला मुख्यालय से लगे पाररास, ग्राम बघमरा, जुंगेरा, रानीतराई, तरौद, मनौद, खुर्सीपार सहित कई अन्य दर्जन भर गांव में ग्रामीणों की शिकायत है कि लो वोल्टेज की समस्या बनी हुई है। वहीं, दो दिनों पहले ही ग्राम खुर्सीपार में रात करीब 11 बजे से बिजली बंद थी, जो अगले दिन सुबह करीब 10 बजे बहाल हुई। **शहर में लो वोल्टेज की समस्या बढ़ी:** शहर में उपभोक्ताओं के मुताबिक गर्मी में तीनों फेस नहीं चल रहे हैं। एक फेस चलता है तो दूसरा व तीसरे फेस में लो वोल्टेज रहता है। लो वोल्टेज की वजह से मोटर पंप नहीं चल पा रहे हैं। कूलर और एसी काम नहीं कर रहे। पंखे की स्पीड भी धीमी हो गई है, जिसकी वजह से लोगों को न दिन में चैन है और न ही रात में।

### चली आंधी, गरज-चमक के साथ बरसे बादल



**बालोद।** भीषण गर्मी के बीच मंगलवार की देर रात फिर मौसम खराब हो गया। अंधड़ व गरज चमक के साथ हल्की बारिश हुई, जिससे तापमान में गिरावट आई। वहीं, अगले दिन बुधवार को मौसम खुला, लेकिन तापमान 40 डिग्री से लुढ़ककर 36 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया। मंगलवार को दोपहर तेज धूप रही और देर रात फिर से अचानक आकाश में काले बादल छा गए। हवा की गति अनियमित होने की वजह से मौसम में व्यापक उतार–चढ़ाव की स्थिति बनी रही। दो दिन पहले ही इतनी भीषण गर्मी हो गई थी कि लू जैसे हालात बन गए थे। तापमान 42 डिग्री सेल्सियस तक जा पहुंचा था, लेकिन मंगलवार की रात मौसम में परिवर्तन होने से तापमान छह डिग्री सेल्सियस नीचे आ गया। मौसम विभाग ने आने वाले दो दिनों तक इसी तरह के मौसम में परिवर्तन होने की संभावना जताई है। बारिश, धूप और बदली की वजह से वातावरण भी बदला है। उमसभरी गर्मी लोगों को झेलनी पड़ रही है। बारिश होने के बाद भी पंखे और कूलर से हवा में चिपचिपाहट की स्थिति बन गई है। जिसकी वजह से लोगों को परेशान होना पड़ रहा है।

## मकान से जेवरात और नकदी पार, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** महाराष्ट्र गए परिवार के मकान का ताला तोड़कर सोना चांदी के जेवरात और नगदी रकम पार हो गया। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत जुर्म दर्ज किया है। सुपेला पुलिस ने बताया कि अजय शिवराम साठवने अपने परिवार के साथ महाराष्ट्र गया था। मकान की चाबी पड़ोसी को देख-रेख करने के लिए दिया था। 21 अप्रैल को पड़ोसी ने फोन कर बताया कि किचन के खिड़की का कच टुटा है। सूतना पर परिवार समेत अपने मकान में पहुच गया। मकान के भीतर प्रवेश करने पर सामने किचन के दरवाजा का कुंडी खुला था। सारा सामान बिखरा पड़ा मिला। अज्ञात ने आलमारी से सोना चांदी के जेवरात और नगदी लेकर फरार हो गया।

पाठक सूचना
बालोद जिले में
हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
9425559113, 9425565082
दल्लीराजहरा - 9993246100

# स्टार प्रचार के साथ मंच पर चढ़ते ही प्रत्याशी को उठाना पड़ेगा पूरा खर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

## पचास हजार से अधिक कैश मिलने पर होगी कार्रवाई, परिणाम के 30 दिन के भीतर देना होगा चुनाव का पूरा हिसाब किताब

व्यय प्रेक्षक द्वारा चुनाव से पहले प्रत्याशियों को सचेत किया गया है। जिसमें साफतौर पर कहा गया है कि, प्रत्याशी अगर स्टार प्रचारक के साथ हेलीकाप्टर में सफर करते हैं तो उन्हें पचास फीसदी खर्च वहन करना होगा और यदि प्रत्याशी स्टार प्रचारक के साथ मंच साझा करते हैं तो पूरा पैसा प्रत्याशियों के खाते से वसूल किया जाएगा। वही प्रत्याशी की जिम्मेवारी होगी कि उसके कार्यकर्ता व एंजेट से पचास हजार से अधिक का कैश नही मिले, अन्यथा आयोग का डंडा चलेगा।

भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दुर्ग लोकसभा क्षेत्र के लिए अधिकृत व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना वी. पत्तनसेठ्ठी की उपस्थिति में आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण के संबंध में निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों हेतु प्रशिक्षण आयोजित किया गया।

### ब्यौरा नही देने पर तीन साल के लिए अपात्र

इसके साथ ही चुनावी नियमों की अवहेलना की स्थिति में लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951, चुनाव संचालन नियम 1961 कानूनी प्रावधानों की जानकारी दी गई। इन प्रावधानों के तहत नियम 10 (क) व्यय का लेखा दाखिली निर्धारित समय सीमा विहित प्रारूप में लेखा जमा नहीं किया जाएगा तो आयोग द्वारा आदेश दिनांक से 3 वर्ष हेतु अपात्र घोषित किया जाएगा। नियम 78 के तहत व्यय लेखा का दाखिला चुनाव परिणाम के 30 दिन के भीतर डीईओ के समक्ष लेखा जमा करना अनिवार्य होगा।



### पूरी जानकारी क्रमवार देनी होगी

यदि स्टार प्रचारक के पार्टी प्रचार के विज्ञापन का प्रकाशन या प्रसार इलेक्ट्रॉनिक, प्रिंट मीडिया के द्वारा किया जाता है तो यह पार्टी व्यय होगा। प्रशिक्षण में बताया गया कि निर्वाचन व्ययों के दैनिक लेखा में सम्पूर्ण विवरण यथा दिनांक, राशि, नाम, पता, बिल न. होना चाहिए। प्रत्येक वाउचर को अनिवार्यतः संलग्न करना होगा। सभी वाउचर का पेमेंट तिथिवार, क्रमानुसार दिनांकित करके व्यवस्थित संधारण करना होगा। प्रदत्त व बकाया राशि दोनों स्थितियों में प्रतिदिन रजिस्टर के भाग एक प्रविष्टि की जानी होगी।

### विधानसभा में नही दी गई थी जानकारी

विधानसभा चुनाव के दौरान तीन चरणों में प्रत्याशियों से खर्च का ब्यौरा लिया जाना था। उस दौरान एक बार भी आयोग द्वारा प्रत्याशियों के खर्च का ब्यौरा सार्वजनिक नही किया गया था। अभ्यर्थी खाते में सम्पूर्ण राशि जमा की जानी है तथा इसी खाते से ही पेमेंट किया जाना होगा। सभी पेमेंट इसी खाते से चेक, ड्राफ्ट, नेफ्ट, आनलाईन के माध्यम से किया जाना होगा। आपवादिक स्थिति में पूरे चुनाव के दौरान 10 हजार तक मात्र ही किसी व्यक्ति, फर्म को नगदी पेमेंट किया जा सकेगा। यह नकदी इसी खाते से निकालकर किया जाएगा।

प्रशिक्षण के दौरान व्यय प्रेक्षक प्रसन्ना ने जानकारी दी कि, जिले के सभी विधानसभा क्षेत्रों के लिए अलग-अलग सहायक व्यय प्रेक्षक एवं लेखा टीम नियुक्त किया गया है, जो निर्वाचन के दौरान व्यय से संबंधित समस्त गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखेंगे। सहायक व्यय प्रेक्षक ऋषभ जैन ने प्रशिक्षण में बताया कि, भारत निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों के लिए चुनावी व्यय हेतु अधिकतम 95 लाख रूपए का प्रावधान किया गया है। उम्मीदवारों द्वारा अवैध खर्च को रोकने के लिए प्रमुख कानूनी प्रावधानों और उम्मीदवारों के बैंको से संबंधित जानकारी, अभ्यर्थी द्वारा पृथक से खाता खोलने, खाते का रख-रखाव एवं चुनाव खर्च का लेखा-जोखा रखने, चुनाव उपरांत उनके द्वारा किए गए व्यय के संबंध में शपथ पत्र एवं सभी वाउचरों की मूल प्रतियां प्रस्तुत करने के संबंध में बताया गया।

---

## खबर संक्षेप

### 5 हाई रिस्क गर्भवती का हुआ सिजेरियन

**दुर्ग।** डॉ कृष्ण कुमार डहेरिया स्त्री एवं प्रसूति रोग सर्जन ने बताया कि, 5 गर्भवति माताओं को गंभीर प्रकृति के हाई रिस्क थे। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ जे पी मेश्राम एवं जिला नोडल अधिकारी ( मातृ स्वास्थ्य) डॉ अर्चना चौहान के मार्गदर्शन में बीएमओ पाटन के नेतृत्व में फील्ड से हाई रिस्क गर्भवती माताओं की ट्रैकिंग कर सुरक्षित मातृत्व आश्वासन के तहत कार्य किया जा रहा है। विभिन्न उपस्वास्थ्य केंद्रों के ग्रामीण स्वास्थ्य संयोजकों, सुपरवाइजर, मितानिनो से सक्रिय सहयोग से हाई रिस्क गर्भवती माताओं का चिन्हांकन कर विशेषज्ञों के परामर्श से क्रियान्वयन किया जा रहा है। ओपरशन में एनेस्थेसिया विशेषज्ञ डॉ अंकिता बोधनकर, प्रदीप सिन्हा, हेमलता वर्मा, अनिता जोशी, रूपा सिन्हा, जितेंद्र निर्मलकर, गिरिवर ,गीतांजलि साहू, माधुरी , लक्ष्मी , शीतल, ब्लड स्टोरेज टीम श्वेता भारद्वाज, सुनीता वर्मा आदि स्टाफ के संयुक्त सहयोग से कार्य संपादित किया गया।

### सभागार में प्रभारियों को दिया प्रशिक्षण

**दुर्ग।** सहायक रिटर्निंग ऑफिसर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 64, दुर्ग द्वारा आज नगर निगम सभागार में प्राचार्यों, प्रधान पाठको, संकुल समन्वयक की बैठक ली। सभी मतदान केंद्रों में मूलभूत सुविधाओं तथा शौचालय, पानी, रैंप, प्रकाश व्यवस्था, सहित दरवाजे, खिड़की, दरवाजे में कुंडी आदि की व्यवस्था दुरुस्त करने, प्रतिदिन संस्था में जिम्मेदार कर्मचारियों की ड्यूटी लगाने निर्देश दिये गए।

### 400 महिलाओं को मतदान की दिलाई शपथ

**रायपुर।** संस्कार और संस्कृति के संरक्षण के लिए संकल्पबद्ध, समाजसेवा के लिए तत्पर महाराष्ट्र मंडल जन जागरूकता अभियान में पीछे नहीं रहा है। यही वजह है कि चैत्र मास हल्दी कुमकुम और भजन स्पर्धा में उपस्थित 15 केंद्रों की लगभग 400 महिलाओं को शत-प्रतिशत मतदान करने और स्वजनों-परिचितों को वोट डालने की शपथ दिलाई गई। इस मौके पर महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले, मंडल के अध्यक्ष अजय काले आदि शामिल रहे।

### मतदाता जागरूकता के लिए दो वीडियो सांग लांच

**रायपुर।** लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित रेडक्रॉस सभाकक्ष में सामान्य प्रेक्षक संजय कुमार, रोहनचंद ठाकुर और जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने मतदाता जागरूकता के लिए दो वीडियो सांग का शुभारंभ किया। शत-प्रतिशत मतदान पर आधारित गाने की रचना गौरेला-पेंड्रा-मारवाही जिले की मीनाक्षी केसरवानी ने की है। साथ ही गाने का वीडियो भी तैयार किया है। इस अवसर पर प्रेक्षकों एवं कलेक्टर ने मीनाक्षी केसरवानी को प्रशस्ति पत्र देकर शॉल भेंट कर सम्मानित किया।

### प्रियंका गांधी ने जैन समाज के डेलीगेट से की मुलाकात

**दुर्ग।** डोगरगांव प्रवास पर रही राष्ट्रीय कांग्रेस की महासचिव प्रियंका गांधी जैन समाज के लोगों से मिलकर उन्हें बधाई दी। महावीर जयंती के दिन राजनांदगांव लोकसभा क्षेत्र डोंगरगांव मोहड़ में चुनावी सभा को संबोधित करने कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी ने लोकसभा प्रत्याशी पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित किया।

---

कांकेर लोकसभा सीट जीतने जिले के साथ अन्य जिलों के भाजपा कार्यकर्ता भी सक्रिय

# सुकमा से पहुंची भाजपा पदाधिकारियों की टीम मोदी को फिर प्रधानमंत्री बनाने मांगा सहयोग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद/दल्लीराजहरा

कांकेर लोकसभा सीट को लेकर भाजपा पूरी तरह सक्रिय है। प्रदेश भाजपा संगठन के निर्देश पर बस्तर के सुदूर अंचल से पहुंचे भाजपा पदाधिकारी न तो गर्मी की परवाह कर रहे हैं, ना ही दूरियों की। कांकेर लोकसभा सीट के बालोद जिले के तीनों विधानसभा के 1 दर्जन से ज्यादा सरपंचों, महिला स्व सहायता समूहों व श्रमिक संगठनों से मिल कर भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग को विजय बनाने की अपील कर रहे हैं।



सुकमा जिले से जिला भाजपा कोषाध्यक्ष लीलाधर राठी, जिला उपाध्यक्ष पी विजय, जिला सह कोषाध्यक्ष सुभाष चतुर्वेदी एवं जिला युवा मोर्चा उपाध्यक्ष अमितेश सिंह की टीम ने जगतरा स्थित हनुमान मंदिर पहुंच कर पूजा अर्चना कर भक्तों से भी सनातन धर्म की परंपरा को बरकरार रखने के लिए श्री मोदी के 400 पार के विजन को पूरा करने का आव्हान किया। इस दौरान वहां उपस्थित मातृ शक्ति से महतारी वंदन को लेकर चर्चा की। वहीं, कमरौद स्थित भू प्रगट हनुमान जी के मंदिर जाकर भक्तों से भोजराज नाग के पक्ष में मतदान करने का अनुरोध किया।

भाजपा नेताओं ने डौंडी लोहारा विधानसभा के लोहारा मंडल स्थित कार्यालय में भाजपा बालोद जिला कोषाध्यक्ष दिलीप शर्मा व शक्ति केंद्र के संयोजकों के साथ बैठक कर अपने-अपने बूथों को मजबूत करने का आव्हान किया। टीम ने दल्ली राजहरा स्थित तेलगु समाज के पदाधिकारियों से भेंट कर कांकेर लोकसभा सीट से भोजराज नाग को बड़ी बढ़त के साथ विजय दिलाने के लिए बैठक की। इस दौरान समाज के पदाधिकारियों ने भाजपा को ही वोट देने की बात कही। वहीं, टीम के सदस्य रात्रि में आयोजित हनुमान जयंती की शोभायात्रा में शामिल हुए।

ग्राम पंचायत करहीबदर में सरपंच लीलाराम डड़सेना, व्यापारियों एवं माहेश्वरी समाज के बंधुओं से मुलाकात कर श्री नाग के पक्ष में मतदान करने का अनुरोध किया। इस संबंध में व्यापारियों ने पूर्ण समर्थन का आश्वासन दिया।

### बुजुर्गों का किया सम्मान

सुकमा जिले से पहुंचे भाजपा नेता लीलाधर राठी, सुभाष चतुर्वेदी, पी विजय, अमितेश सिंह जामगांव पहुंचे। वहां सरपंच पुष्पा देवांगन व वरिष्ठ कार्यकर्ताओं से भेंट कर 26 अप्रैल को होने वाले मतदान को लेकर चर्चा की। इस दौरान ग्राम के वरिष्ठ कांग्रेसी सुंदरलाल साहू ने भाजपा प्रवेश किया। वहीं, जगतरा स्थित एफसीआई गौदाम में मौजूद सैकड़ों श्रमिकों के साथ बैठक कर बुजुर्ग श्रमिकों का सम्मान किया। जिला भाजपा कोषाध्यक्ष लीलाधर राठी ने कहा कि आज पूरे देश मे मोदी लहर है, हर कोई मोदी जी के 400 पार के विजन के साथ जुड़ना चाहता है। ऐसे में कांकेर लोकसभा से भोजराज नाग को यहाँ से भारी मत देकर विजय बना कर दिल्ली भेजना है।

---

# बसें चुनाव कार्य व विवाह के लिए बुक, यात्री हो रहे परेशान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

यात्री बसों को चुनावी कार्य के लिए अधिग्रहण और शादी विवाह में बुकिंग होने से यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। हालांकि इस चुनाव में जिला प्रशासन ने चुनाव के लिए बहुसंख्यक स्कूली बसों को अधिग्रहित किया है। इससे पिछले चुनाव की तुलना में इस चुनाव में आमजनता को कम परेशानी उठानी पड़ रही है, लेकिन अप्रैल के अंतिम सप्ताह में शादियां अधिक होने के कारण बसों की किल्लत बनी हुई है। स्थिति यह हो गई है कि यात्री सड़क पर पैदल चलते नजर आ रहे हैं, वहीं कई यात्री ऑटो रिक्शा का सहारा लेकर अपने गंतव्य तक पहुंचते दिखे। कई यात्री बस स्टैंड परिसर तो कई यात्री सड़क किनारे बैठकर बस का इंतजार करते दिखे।

ज्ञात हो कि कल 26 अप्रैल को लोकसभा चुनाव होने हैं। ऐसे में मतदान कर्मियों व पुलिसफोर्स को मतदान केंद्रों तक ले जाने बसों का अधिग्रहण किया गया है। वहीं, दर्जनों बसें विवाह में बारात जाने बुकिंग में हैं। ऐसे में यात्रियों को समय पर बस नहीं मिल पा रही है, जिसके कारण यात्रियों को घंटों इंतजार करना पड़ रहा है।



---

# माइलस्टोन से टकराई तेजरफ्तार मोटर साइकिल, दोनों सवार घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिले के ग्राम जामगाँव बी और करहीभदर मार्ग के मध्य मोटर सायकल सवार दो लोग अनियंत्रित होकर गिर गए। उनमें से एक व्यक्ति के सिर में गंभीर चोट आई है, जिसे इलाज के लिए हायर सेंटर रायपुर रेफर किया गया है, तो वहीं दूसरे घायल व्यक्ति का इलाज धमतरी में जारी है।



मिली जानकारी के अनुसार ग्राम हथौद निवासी विनोद संघारे उम्र लगभग 34 वर्ष और ग्राम सुवरबोड़ निवासी पोषण लाड़िया उम्र लगभग 35वर्ष दोनों ग्राम हथौद शादी घर से करहीभदर सामान लेने के लिए जा रहे थे। तभी मोड़ के पास ओवर स्पीड मोटर सायकल क्रमांक सीजी 24 0565 अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे मिल पत्थर से जा टकराई। इससे एक व्यक्ति के सिर पर गंभीर चोट आयी है, वहीं दूसरे व्यक्ति को भी चोट आयी है। जिन्हें तत्काल इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ केन्द्र गुरुर भेजा गया, जिसके बाद एक व्यक्ति को इलाज के लिए धमतरी और दूसरे को हायर सेंटर रायपुर भेजा गया है।

# आर्य कन्या कॉलेज में हुई मौखिक परीक्षा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

विगत दिनों विश्वविद्यालय के ग्रंथालय में आस्था सुहाने, घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय, आर्य नगर दुर्ग की सहायक प्राध्यापक व बीएड विभाग की विभागाध्यक्ष का पीएचडी (शिक्षा संकाय) में मौखिक परीक्षा (वाइवा) सम्पन्न हुआ। जिसमें विश्वविद्यालय की कुलपति महोदया डां अरूणा पल्टा एवं समस्त वरिष्ठ सम्मानीय सदस्य, शोध निर्देशक, डां अनिता श्रीवास्तव, बाह्य परीक्षक के रूप में विषय विशेषज्ञ प्रोफेसर डां जुबराज काम्हारी सम्बलपुर विश्वविद्यालय उड़ीसा एवं शोध केन्द्र कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सभी वरिष्ठ प्राध्यापक उपस्थित रहे। उपरोक्त मौखिक परीक्षा सत्र में ऑफलाईन एवं ऑनलाइनल दोनों मोड से विभिन्न शोधार्थी शामिल हुए। आस्था सुहाने के शोध का विषय "उच्चतर माध्यमि विद्यालय के महिला अध्यापकों के सामाजिक स्वतंत्रता तथा व्यावसायिक तनाव का उनके जीवन संतुष्टि पर प्रभाव का अध्ययन रहा। इस उपलब्धि हेतु वह अपने पति गिरीश सिजारिया, पुत्र अनय सिजारिया एवं परिवार के साथ ही शोध केन्द्र कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, एवं घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को हृदय से धन्यवाद देती है।



# मितानिनों और विभिन्न अधिकारियों-कर्मचारियों ने निकाला कैंडल मार्च

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जे.पी. मेश्राम के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं मितानिनों के माध्यम से लोक सभा निर्वाचन 2024 निर्वाचन क्षेत्र क्रमांक 7 दुर्ग हेतु विगत 19 अप्रैल 2024 शुक्रवार संध्या 6.30 बजे कैण्डल मार्च एवं मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया।



■ मतदाता जागरुकता रैली का किया गया आयोजन

मतदाता जागरूकता विशाल रैली में लगभग 300 मितानिनों एवं अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा कलेक्टर परिसर दुर्ग से पटेल चौक होते हुए जिला पंचायत दुर्ग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय से होते हुए जिला अस्पताल दुर्ग तक रैली का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न प्रकार के नारे एवं स्लोगन के माध्यम से प्रचार-प्रसार करते हुए, सभी मतदाताओं को लोकतंत्र की रक्षा के लिये 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी मतदाताओं को शत्-प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई। 85 वर्ष के मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं के लिये, जो मतदान केन्द्र तक नहीं पहुंच पाने वाले मतदाताओं के लिये कलेक्टर सुश्री चौधरी द्वारा विशेष टीम का गठन किया गया है, जो घर पहुंचकर निष्पक्ष मतदान करायेंगे, इस स्थिति में 85 वर्ष से अधिक एवं दिव्यांगजन जो मतदान केन्द्र में नहीं पहुंच पाते है वे भी शत्-प्रतिशत अपने मताधिकार का उपयोग करें।

---

## अधिकारी-कर्मचारियों के लिए बीआईटी कॉलेज में और पुलिस बल के लिए रक्षित केन्द्र दुर्ग में

# डाकमत पत्र से अधिकारी बीआईटी महाविद्यालय में दे सकेंगे वोट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

डाकमत पत्र के जरिए वोटिंग कराए जाने के लिए जिला निर्वाचन आयोग द्वारा अधिकारी और पुलिस अफसरों को अलग अलग सुविधा उपलब्ध कराई गई है। डाकमत पत्र के जरिए ड्यूटीरत अधिकारी व पुलिस जवान दो चरणों में अपने मताधिकार का उपयोग कर सकेगें। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुश्री ऋचा प्रकाश चौधरी के मार्गदर्शन में दुर्ग जिले के मतदाता (जिला दुर्ग एवं अन्य जिले में कार्यरत) जो कि मतदान दिवस पर चुनाव कार्य में जैसे मतदान दल, सेक्टर ऑफिसर, माइक्रो आब्जर्वर, सुरक्षाकर्मियों, एस.एस.टी., एस.एफ.टी. तथा वाहन चालक, क्लीनर के रूप में ड्यूटी पर तैनात रहेंगे, को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कराये जाने हेतु विधानसभावार बीआईटी कॉलेज दुर्ग के साइंस ब्लाक में सुविधा केन्द्र स्थापित की गई है।

### पुलिस बल के लिए रक्षित केन्द्र

मतदान करने की तिथि 28 अप्रैल से 01 मई 2024 को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक और 04 से 06 मई 2024 को प्रातः 9 से शाम 5 बजे तक का समय निर्धारित है। इसी प्रकार समस्त विधानसभा (पुलिस बल) के लिए रक्षित केन्द्र दुर्ग को सुविधा केन्द्र बनाया गया है। मतदान करने की तिथि 28 अप्रैल से 01 मई 2024 तक और 04 मई 2024 को प्रातः 9 बजे से शाम 5 बजे तक समय निर्धारित है।




### कूलर, पानी का जिम्मा स्कूल के भरोसे

मतदान दिवस के पूर्व संपूर्ण परिसर एवं कक्षो की साफ-सफाई सुनिश्चित करने, मतदान दल के अधिकारियों के ठहरने कक्ष में लाईट, कूलर, पंखा एवं अन्य आवश्यक सामग्री की व्यवस्था करने व पुरुष एवं महिला हेतु पृथक-पृथक स्वच्छ शौचालय जिसमें पानी, बाल्टी, मग, लाईट आदि की व्यवस्था, मतदान केन्द्र में आवश्यकता अनुरूप फर्नीचर की व्यवस्था, मतदान केन्द्र में मतदान दल अधिकारियों एवं मतदाताओं के लिए स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था सुनिश्चित करने और मतदान दल के अधिकारियों के लिए भोजन व्यवस्था हेतु मध्यान्ह भोजन के महिला स्व सहायता समूह एवं रसोईयां को आवश्यक निर्देश जारी किया गया है।

### वोटिंग के 90 मिनट पहले पहुंचे एजेंट

आगामी मतदान तिथि के दिन को लेकर जिला निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान कर्मियों को बूथ में मतदान से पहले नब्बे मिनट के पहले पहुंचने कहा गया है। ताकि वोटिंग से पहले प्राथमिक कार्य पूरा हो सके। चुनाव के दौरान मतदाताओं को बूथ तक पहुंचाने के लिए एनएसएस, स्काउट गाइड, रेडक्रास के छात्र मौजूद रहेगे। दुर्ग संसदीय क्षेत्र के करीब 2223 मतदान और 36 सहायक मतदान केन्द्रो में मतदान कार्य संपन्न होगा।

प्राप्त जानकारी अनुसार विधानसभा क्षेत्र पाटन (62) के लिए साइंस ब्लाक प्रथम तल कक्ष क्रमांक 22, दुर्ग ग्रामीण (63) के लिए साइंस ब्लाक भूतल तल क्रमांक 05, दुर्ग शहर (64) के लिए साइंस ब्लाक भूतल तल क्रमांक 06 एवं 07, भिलाई नगर (65) के लिए साइंस ब्लाक भूतल तल क्रमांक 08, वैशाली नगर (66) के लिए साइंस ब्लाक प्रथम तल कक्ष क्रमांक 01, अहिवारा (67) के लिए साइंस ब्लाक प्रथम तल कक्ष क्रमांक 05 को सुविधा केन्द्र बनाया गया है। इसी प्रकार साजा-68 (आंशिक) के लिए साइंस ब्लाक प्रथम तल कक्ष क्रमांक 13 और बेमेतरा-69 (आंशिक) के लिए साइंस ब्लाक प्रथम तल कक्ष क्रमांक 12 तथा अन्य जिले के लिए साइंस ब्लाक प्रथम तल कक्ष क्रमांक 10 को सुविधा केन्द्र बनाया गया है।

## खबर संक्षेप

### गांव-गांव में दिख रहा प्रधानमंत्री मोदी का प्रभाव : जायसवाल

डौंडीलोहारा। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के पूर्व सदस्य व खेरथा मंडल के प्रभारी देवेन्द्र जायसवाल



ने कहा कि, बालोद जिला में भाजपा के सभी जिम्मेदार पदाधिकारियों ने जिस तरह से बूथ स्तर पर प्रदेश संगठन के दिशा निर्देश पर मेहनत कर रहे हैं तथा आम जनता का भाजपा के पक्ष जिस प्रकार रुझान मिल रहा है, खासतौर से मोदी जी के कुशल नेतृत्व में देश आगे बढ़ रहा है, इसका प्रभाव भी गांव गांव में देखने को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि श्री मोदी ने जिस प्रकार महिलाओं, किसानों व युवाओं के लिए अनेक कल्याणकारी योजना बनाई है तथा जिस तरह गाँव गाँव में योजनाओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर दिख रहा है। खासतौर से योजनाओं की राशि सीधे लाभार्थियों के खाते में पंहुच रहा है, इसका भी असर लोगों में बहुत बढ़िया है।

### ओंकार ने किया रक्तदान



गुरूर। ओंकार साहू ने जरूरतमंद व्यक्ति को रक्तदान किया। ओंकार साहू ने कहा कि रक्त दान एक ऐसा दान है जिसका कोई विकल्प नहीं। रक्तदान से शरीर स्वस्थ रहता है, वे अब तक 3 बार रक्तदान कर चुके हैं।

### हनुमान जन्मोत्सव पर निकाली रैली



गुरूर। मंगलवार को हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर नगर में स्थित दक्षिणमुखी हनुमान मंदिर में विशेष पूजा की गई। मंदिर में सुबह से शाम तक भक्तों की भीड़ लगी रही। शाम को सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ एवं बजरंग बाण का पाठ किया गया। सुबह से शाम तक खीर पूड़ी प्रसादी का वितरण किया गया। रात्रि तक मंदिर में भक्तों की भीड़ लगी रही। इस अवसर पर बजरंग दल गुरुर द्वारा बाइक रैली निकाली गई, जो हनुमान मंदिर से प्रारंभ होकर नगर का भ्रमण कर भरदा एवं बोहारडीह तक गई, रैली की समाप्ति हनुमान मंदिर में की गई।

### खामतराई में कांग्रेस के 25 कार्यकर्ता भाजपा में शामिल



बालोद। भारतीय जनता पार्टी जिला बालोद में पूर्व विधायक बिरेन्द्र साहू के प्रयास से जिला कार्यालय में जिला अध्यक्ष पवन साहू, प्रदेश प्रवक्ता देवलाल ठाकुर, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, पूर्व जिला अध्यक्ष लेखराम साहू, उपाध्यक्ष गुण्डरदेही कुलदीप साहू, जिला मीडिया प्रभारी कमल पनपालिया, प्रकाश सांवरे भाजयुमो की उपस्थिति में खामतराई से 25 कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने रोशन साहू के नेतृत्व में भाजपा प्रवेश किया। उन्हें भाजपा के रीति नीति व भगवा पटका पहनाकर सम्मान कर भाजपा में सम्मिलित किया गया। भाजपा मे शामिल होने वालो में रोशन साहू, लक्ष्मी साहू, मनसुख लाल, दिनेश कुमार, राजेश कुमार, छन्नू मोहन, डामन लाल, परमेश्वर, कमल किशोर, टेकराम, अनूप, कमलेश, खेमलाल, कमल, हेमंत, अजय, तुकाराम, हीरा, भारत, हर्ष कुमार, गुलेस्वर, धंसु लाल, राममनोज साहू है।

**बैठक : दुर्ग कमिश्नर राठौर ने संयुक्त जिला कार्यालय में ली बैठक, दिए निर्देश**

# स्वतंत्र, निष्पक्ष व शांतिपूर्ण मतदान के लिए करें पूरी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

दुर्ग संभाग के कमिश्नर सत्यनारायण राठौर ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार बालोद जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित की जाएं, ताकि जिले में निर्विघ्न रूप से निर्वाचन सम्पन्न हो सके। संभागायुक्त राठौर एवं पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में लोकसभा आम निर्वाचन की तैयारियों के संबंध में बैठक लेकर निर्वाचन कार्य से जुड़े सभी कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। संभागायुक्त ने ग्रीष्म ऋतु के मद्देनजर जिले के सभी मतदान केन्द्रों में शुद्ध पेयजल, छाया तथा मतदाताओं के बैठने के लिए समुचित व्यवस्था अनिवार्य रूप से करने के निर्देश भी दिए।

बैठक में संभागायुक्त ने जिले के कुल मतदान केन्द्रों के अलावा आदर्श, दिव्यांग, युवा एवं महिला मतदान केन्द्रों के संख्या के संबंध में जानकारी दी। उन्होंने इन मतदान केन्द्रों में अधिकारी, कर्मचारियों की तैनातगी तथा व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने जिले के संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील मतदान केन्द्रों की संख्या, एसएसटी एवं एफएसटी टीम की संख्या के अलावा इन स्थानों पर अधिकारी, कर्मचारियों की तैनातगी तथा की जा रही कार्यवाही के संबंध में विस्तृत जानकारी ली।




### मतदान दलों के लिए हो गुणवत्तायुक्त भोजन, नाश्ता, पेयजल की व्यवस्था

संभागायुक्त ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए मतदान दिवस को सभी मतदान केन्द्रों में पर्याप्त मात्र में शुद्ध पेयजल व्यवस्था करना अत्यंत आवश्यक है। इसके अलावा मतदान केन्द्रों में किसी भी मतदाता को खड़े होकर अपने बारी का इंतजार न करना पड़े। इसके लिए उन्होंने समुचित उपाय सुनिश्चित करने को कहा। राठौर ने जिला खाद्य अधिकारी को 25 अप्रैल को मतदान सामग्रियों के वितरण तथा मतदान दिवस 26 अप्रैल को मतदान सामग्रियों के वापसी के समय मतदान दलों के लिए गुणवत्तायुक्त भोजन, नाश्ता, पेयजल आदि की व्यवस्था सामग्री वितरण केन्द्र पर ही करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि निर्वाचन कार्य में लगे सभी अधिकारी, कर्मचारियों को सामग्री वितरण एवं वापसी केन्द्र पर ही समय पर उत्तम एवं गुणवत्तायुक्त भोजन उपलब्ध कराई जाए। इसके लिए उन्होंने खाद्य पदार्थों का दर भी निर्धारित करने के निर्देश भी दिए। बैठक में पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने सुरक्षा से जुड़े तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने बैठक में उपस्थित पुलिस अधीक्षक, केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के सेनानियों तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक से निर्वाचन कार्य हेतु पुलिस एवं अर्द्धसैनिक बलों के जिले में कुल अधिकारी, कर्मचारियों की तैनातगी के संबंध में जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने जिले के एसएसटी एवं एफएसटी टीम के तैनातगी, जांच चौकियों आदि के संबंध में भी जानकारी ली।

### एफएसटी एवं एसएसटी जांच दल पूरी तरह रहें मुस्तैद

श्री गर्ग ने एफएसटी एवं एसएसटी जांच दल के कार्यो के संबंध में जानकारी लेते हुए आज से लेकर मतदान तिथि 26 अप्रैल के दिन को अत्यंत महत्वपूर्ण बताते हुए इस दौरान पूरे मुस्तैदी के साथ जांच कराने को कहा। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने जिले में लोकसभा आम निर्वाचन को सफलतापूर्वक सम्पन्न करने हेतु की गई व्यवस्थाओं के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बालोद जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण निर्वाचन सम्पन्न कराने हेतु सभी तैयारियां सुनिश्चित कर ली गई है। श्री चंद्रवाल ने कहा कि ग्रीष्म ऋतु को देखते हुए जिले के सभी मतदान केन्द्रों में मतदाताओं एवं मतदान कर्मियों के लिए समुचित मात्र में शुद्ध पेयजल सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा मतदान के दौरान मतदाताओं को मतदान के दौरान खड़े होकर बारी के इंतजार ना करना पड़े इसके लिए बैठक एवं छांव इत्यादि की व्यवस्था की गई है। चन्द्रवाल ने अधिकारियों को बालोद जिले में स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से तथा सफलतापूर्वक निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए आश्वस्त भी किया।



### पाकुरभाट में स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण



बालोद। दुर्ग संभाग के कमिश्नर सत्यनारायण राठौर और पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने बुधवार को लाईवलीहुड कॉलेज पाकुरभाट में पहुंचकर स्ट्रांग रूम का निरीक्षण किया।

इस दौरान उन्होंने लाईवलीहुड कॉलेज परिसर में जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्रों के लिए सामग्री वितरण एवं वापसी के लिए अलग–अलग बनाए गए स्थलों का निरीक्षण कर अधिकारियों को आवश्यक जानकारी ली। इसके अलावा उन्होंने तीनों विधानसभा क्षेत्रें के स्ट्रांग रूम, मतगणना कक्ष, आब्जर्वर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कक्ष, कंट्रोल रूम आदि का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने स्ट्रांग रूम के सुरक्षा उपायों के संबंध में भी अधिकारियों से जानकारी ली। इस मौके पर कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, पुलिस अधीक्षक सुरजन राम भगत सहित स्ट्रांग रूम के सुरक्षा में तैनात अधिकारियों के अलावा अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

# भिलाई के अर्जुन दल ने जीती कबड्डी स्पर्धा, चौसर में तुलसीराम के पौ बारह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

ग्राम आलबरस में छत्तीसगढ़ स्तरीय कबड्डी एवं चौसर स्पर्धा का आयोजन किया गया। कबड्डी में प्रथम स्थान अर्जुन दल भिलाई को मिला वहीं, चौसर में आलबरस के तुलसीराम पारकर पहले स्थान पर

- ग्राम आलबरस में हुआ छत्तीसगढ़ स्तरीय कबड्डी व चौसर स्पर्धा का आयोजन

रहे। कार्यक्रम की मुख्यअतिथि अंडा थाना प्रभारी श्रद्धा पाठक थीं, अध्यक्षता आशा देशमुख सरपंच ग्राम पंचायत आलबरस ने की। विशेष अतिथि राघवेंद्र सिंह एएसआई थाना अण्डा, कौशलेंद्र सिंह बघेल, हेमंत देशमुख उप सरपंच ग्राम पंचायत आलबरस, भुवन लाल देशमुख सेवानिवृत्त आर्मी, खेमलाल पारकर थे।

प्रतियोगिता का उद्घाटन करते हुए मुख्य अतिथि थाना प्रभारी श्रध्दा पाठक ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि आप देश का भविष्य हैं। आज गांव में खेल रहे हैं, कल जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर से होते हुए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भी खेल सकते हैं। इसके लिए आपको लगन के साथ निरंतर कठिन परिश्रम करना होगा। उन्होंने कहा कि हमें अपने राज्य को अपने देश को नई ऊंचाई तक ले जाना है। उन्होंने खिलाड़ियों को नशे से दूर रहने और खेल को खेल भावना से खेलने के लिए प्रेरित किया।

इसी तरह समापन कार्यक्रम जनपद पंचायत दुर्ग सभापति टिकेश्वरी लाल देशमुख के मुख्य आतिथ्य व सरपंच आशा देशमुख की अध्यक्षता में हुआ। इस अवसर पर मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल हमारी परंपरा एवं सांस्कृति से जुड़े हुए हैं। यह खेल प्रदर्शन के साथ-साथ आपसी भाईचारा, सद्भावना एवं एक दूसरे को जोड़ने काम करते हैं। उन्होंने प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले दलों और खिलाड़ियों को सम्मानित किया।





**इन्होंने मारी बाजी**

कबड्डी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान अर्जुन दल भिलाई ने प्राप्त किया। वहीं, द्वितीय गोंडवाना क्लब डोंगरगढ़ ,तृतीय नवीन ज्योति क्लब आलबरस तथा चतुर्थ स्थान ग्राम गिरोदा धमधा की टीम ने प्राप्त किया। विजेता दलों को स्मृति चिन्ह एवं नगद राशि प्रदान कर पुरस्कृत किया गया। वहीं, सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी के रूप में दीपेंद्र कबड्डी दल भिलाई, बेस्ट ब्लॉगर जागेश्वर पापड़ा, बेस्ट कैचर गणेश यादव, बेस्ट लेदर शेखर ध्रुव डोंगरगढ़ को सम्मानित किया गया। इसी तरह चौसर प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार ग्राम आलबरस के तुलसीराम पारकर को दिया गया। वहीं, द्वितीय पुरस्कार राधे वर्मा पुरदा नवागांव, तृतीय पवन देशमुख चिंगरी एवं चतुर्थ अमरदास थनौद रहे। इस अवसर पर पूर्व उपसरपंच रोशन लाल देशमुख, प्यारेलाल देशमुख, खेमलाल पारकर, देवी सिंह देशमुख, उपसरपंच हेमंत देशमुख, प्रभु देशमुख, नंदकुमार देशमुख विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम संचालन पूर्व नेशनल खिलाड़ी ताम्रध्वज देशमुख ने किया। निर्यायक के रूप में कबड्डी संघ की ओर से जिला कबड्डी संघ के सचिव नारायण साहू, दीपक यादव, झम्मन दिल्लीवार सहित नव किशोर विजय मंडल एवं समस्त ग्रामवासी आलबरस के उपस्थित रहे।

# मेंढकी के किसी घर में नहीं जला चूल्हा, सबने मंदिर के सामने प्रसाद के रूप में किया भोजन





हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

जिला मुख्यालय से 3 किमी दूर स्थित ग्राम मेंढकी में मंगलवार को भगवान राम भक्त हनुमान के जन्मोत्सव पर सुबह से हनुमान मंदिर में भक्ति की धारा बहती रही।

इस अवसर पर समस्त ग्रामवासी मेडकी द्वारा जन्मोत्सव के अवसर पर विशाल भंडारे का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी सख्या में लोगों ने पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मानस मंडली द्वारा रामायण पाठ की प्रस्तुति दी। बता दें कि मंगलवार की रात्री को ग्राम मेंढकी में किसी भी घर में चूल्हा नहीं जला। इस दौरान पूरे ग्रामीणों ने हनुमान मंदिर के सामने एक साथ बैठकर प्रसाद स्वरूप भोजन किया। वहीं, ग्रामीणों द्वारा हनुमान की भव्य शोभायात्रा गाजे-बाजे व आतिशबाजी के साथ निकाली गई। इस



- ग्रामीणों ने श्रद्धा व उल्लास से मनाया श्री रामभक्त हनुमान का जन्मोत्सव

दौरान ग्रामीण महिलाएं व युवतियां सिर पर कलश रखकर शोभायात्रा में शामिल हुईं। इस दौरान धनराज गाजपाल, दिनेश गजपाल, देवेंद्र साहू, राजू साहू, टहल साहू, अम्ब्रेश हिरवानी, कमलेश श्रीवास्तव, हेमंत भारद्वाज, विक्की भारद्वाज, बैगा नंदकुमार साहू, तोमन साहू, लिखन साहू, रवि साहू, लक्ष्मीनारायण साहू, डालेश्वर भारद्वाज, हेमंत साहू, बीरू साहू, चंद्रेश साहू, सोनल भारद्वाज, लल्ला साहू, कुंदन साहू, सोमदंत साहू, चंद्रकांत भारद्वाज, छबील साहू, तोमन साहू, चन्देश साहू, बल्ला भरद्वाज, देवाशीष साहू, संतोष पटेल सहित ग्रामीण उपस्थित थे।

### हनुमान चालीसा व सुंदरकांड का किया पाठ

हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर हवन पूजन किया गया। भगवान हनुमान का तेल, सिंदूर व लाल वस्त्रों से विशेष श्रृंगार कर विशेष पूजा अर्चना के साथ ही महा आरती की गई। उसके बाद हनुमान चालीसा व सुंदरकांड का पाठ किया गया। मंदिर में दर्शन करने के लिए भक्तों का तांता लगा रहा। हनुमान मंदिर में जय हनुमान ज्ञान गुन सागर की धुन सुनाई दे रही थी। इस पावन अवसर पर सुबह से ही भक्तों की कतार लगी रही और भक्त अपनी मनोकामनाओं की पूर्ति के लिए प्रार्थना करते रहे।

# लगातार खराब मौसम से पहुंचा आम को नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

अप्रैल माह में लगातार खराब हो रहे मौसम के कारण आम की फसल को काफी नुकसान पहुंचा है। अचारी आम तो आधे से अधिक झड़ गए हैं, वहीं मीठे आम की फसल खराब हो रही है। मौसम में उतार–चढ़ाव के चलते आम के पेड़ों में गर्ती नहीं आ रही है। केमिकल से पके हुए आम बाजार में उपलब्ध हैं, जिन्हें खरीदना लोगों की मजबूरी हो गई है। इस साल गर्मी के मौसम में बारिश, अंधड़ और ओलों ने काफी कहर बरपाया है। खराब मौसम ने लगभग हर प्रकार की फसल को नुकसान पहुंचाया है। आम के उत्पादन पर इसका काफी बुरा असर पड़ रहा है। इस साल आम के



पेड़ में बौर अच्छा आया था, जिससे अच्छे उत्पादन की उम्मीद थी, लेकिन खराब मौसम ने उम्मीदों पर पानी फेर दिया। मार्च माह की बारिश में छोटे–छोटे फल झड़ गए थे।

लगातार मौसम खराब रहने से आम के फल गिरते जा रहे हैं। पेड़ों पर कुछ फल बचे हुए हैं। आम को पकने के लिए गर्म मौसम की आवश्यकता होती है, लेकिन वातावरण में उतार–चढ़ाव के कारण फल पक नहीं पा रहे हैं और बिना पके ही गिर रहे हैं। कई आम उत्पादक आर्टिफिशयल तरीके से आम पकाकर बाजार में ला रहे हैं, ऐसे में फलों के राजा आम को खाने के शौकीन कृत्रिम तरीके से पके आम को खरीदने में मजबूर हैं।

सिद्धीविनायक नवजात शिशु एवं बालरोग हॉस्पिटल
अम्बेडकर चौक के पास, रूद्री रोड, धमतरी (छत्तीसगढ़)
आयुष्मान भारत कार्ड द्वारा निःशुल्क इलाज की सुविधा
डॉ. विजय रावत
(MBBS/DCH)
नवजात शिशु एवं बालरोग विशेषज्ञ
पूर्व चिकित्सक चंडीगढ़
14 बिस्तरों का सर्वसुविधायुक्त नवजात शिशुओं का A/C प्राइवेट रूम की व्यवस्था एवं Ventilator की सुविधा
Multi Para Monitors / Bubble CPAP
Warmer Led Photo Therapy पीलिया के ईलाज के लिए
Centralized Oxygen एवं Suctioning की व्यवस्था
State of the art NICU including care for Preterm, Term
वातानुकुलित बच्चों का वार्ड
Low Birth Weight, Septic & Very Serious Newborn
प्रतिदिन समस्त टीकाकरण का उपलब्धता
24 घंटे पैथोलॉजी, फार्मेसी, X-Ray की सुविधा उपलब्ध
मो. 9981321524/7223011528
समय : सुबह 10.30 से शाम 9 बजे (रविवार शाम बंद)

एकता हॉस्पिटल एवं पैथालॉजी सेंटर
सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल धमतरी
बिजली ऑफिस, नहर के पास, रायपुर रोड धमतरी मो : 7067576396, 8319272982
ESIC CARD सुविधा उपलब्ध
आईसीयू, एम्बुलेंस व डिजिटल एक्सरे सुविधाएं 24 घंटे उपलब्ध
हड्डी रोग
मस्तिष्क रोग
कार्डियोलॉजिस्ट
डेंटल एवं मैक्सिलोफेशियल सर्जरी
प्लास्टिक सर्जरी
यूरोलॉजी की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान भारत से इलाज की सुविधा उपलब्ध

Health Town
डॉ. ठाकुर वुमन एंड चाइल्ड होम्योपैथिक क्लीनिक
Dr. Srishti Thakur
D/o Late Dr. Jitendra Thakur
For Appointment
7987959244
स्त्री रोग संबंधित समस्त समस्याएँ जैसे
PCOD| मासिक धर्म अनियमितता | अल्प स्त्राव मासिक| इनफर्टिलिटी | बच्चेदानी की गांठ | स्तन की गांठ
सभी प्रकार के शिशु एवं बाल रोग जैसे
ADHD | AUTISM | व्यवहारिक चिकित्सा
टांसिल उम्र के हिसाब से वजन कम होना दांत निकलते समय की परेशानी रात को बिस्तर गीला की बीमारी इत्यादि।
शॉप नं.1,गोपिया पारा चौक, पटेल कॉम्प्लेक्स, रायपुर
Online परामर्श उपलब्ध | दवाइयाँ कुरियर द्वारा भेजने की सुविधा
Maa Ad.

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508133

## खबर संक्षेप

### ट्रक से बाइक सवार की मौत



**भिलाई।** खड़ी ट्रक में बाइक समेत युवक के टकरा जाने से मौत हो गई। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुची और शव का शिनाख्त कर उसे पीएम के लिए मरचूरी भेज दिया।मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। भिलाई तीन टीआई पीडी चंद्रा ने बताया कि चरोदा निवासी मोतीलाल बघेल अपना ससुराल जाने के लिए बाइक से निकला था। सोमवार की रात जोरदार बारिश गिरने से सिरसा गेट भिलाई 3 की सड़क के बीचो-बीच खडी ट्रक को मोतीलाल नहीं देख सका और बाइक समेत ट्रक में जा घुसा। हादसे में युवक की मौत हो गई। मृतक का ससुराल नेहरु नगर बाम्बे आवास में है। मृतक रायपुर में क्रेन ऑपरेटर था। जोरदार बारिश गिरने से मोतीलाल ने सिर पर पहना हुआ हेलमेट तक को निकाल दिया था। सिर पर चोट आने से युवक की मौक पर मौत हो गई। नेशनल हाइवे पर खराब ट्रक बीचो बीच सड़क पर खड़ा था। इसके चलते बाइक सवार जा घुसा। हादसे की सूचना मिलते ही परिजन अस्पताल पहुचे थे। मृतक का एक बेटा और बेटी है।

### जहर सेवन करने से किशोरी की मौत

**भिलाई।** जहर सेवन से गंभीर होने पर परिजनों ने किशोरी को उपचार के लिए अस्पताल ललाया गया था। किशोरी ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। अस्पताल प्रबंधन ने सूचना मोहन नगर पुलिस को दी। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच में लिया है। मिली जानकारी के मुताबिक राजनांदगांव डोंगरगांव निवासी किशोरी रेणुका साहू जहर सेवन किया था। जिसे उपचार के लिए दुर्ग स्थित आरोग्य अस्पताल में 5 अप्रैल को भर्ती कराया गया था। जिसकी उपचार के बाद मौत हो गई। बताया जा रहा कि पढ़ाई को लेकर रेणुका को उसके भाई ने डांटा था। इसके बाद किशोरी ने जहर सेवन कर लिया था। पुलिस जांच में जुटी हुई है।

### कोयले से भरी बोगी में लगी आग

**भिलाई।** कोयला से लदी ट्रेन की बोगी में अचानक धुआं उठता देख लोको पायलेट ने कंट्रोल को सूचना दिया। ट्रेन को भिलाई नगर स्टेशन पर रोका गया। मौके पर फायर ब्रिगेड पहुंच गई। ट्रेन में धुंए के साथ आग भी लग गया था। फायर ब्रिगेड की टीम ने मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। मिली जानकारी के मुताबिक डायल 112 से मंगलवार को सूचना मिली थी कि कोयले से भरी बोगी में आग लगी है। उसे भिलाई नगर स्टेशन पर रोका गया है। खबर लगते ही दमकलकर्मियों को वहां पहुचे।। अग्निशमन कर्मियों ने कोयले से भरी बोगी में लगी आग को बड़ी सावधानी से हाईटेंशन तार से खुद का बचाव करते आग पर काबू पाया। आग को बुझाने में एक दमकल वाहन में पानी पहुचाया गया। समय रहते आग पर काबू पाया गया नहीं तो बड़ा हादसा हो सकता था। एसडीआरएफ प्रभारी नागेंद्र कुमार ने बताया कि गर्मी के मौसम में कोयले से भरी बोगियों में आग लगने की अक्सर खबर मिलती है। इसे देखते हुए उनकी टीम हमेशा तैनात रहती है।

# विवाह समारोह में पहुंची स्वीप टीम, वर-वधू के साथ मेहमानों को दिलाई मतदान की शपथ



**बालोद।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार जिले में लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत निरंतर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसके अंतर्गत जिले के 209 स्थानों पर आयोजित स्थानीय विवाह समारोह में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा वर-वधू एवं परिजनों को लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के अंतर्गत मतदान तिथि 26 अप्रैल 2024 को अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ दिलाई गई। जिला कार्यक्रम अधिकारी विपिन जैन ने बताया कि ग्राम टटेंगा हल्दी में विवाह के रस्म के दौरान वर–वधू के साथ–साथ समारोह में उपस्थित मेहमानों ने भी अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ ली। इसी तरह डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम अछोली में भी अधिकारी–कर्मचारियों ने विवाह मण्डप में पहुँचकर वर वधु सहित उनके परिजनों एवं उपस्थित लोगों को मतदाता जागरूकता की शपथ दिलाई।

## जागरूकता : जिला मुख्यालय में हुआ म्यूजिकल नाइट विथ स्वीप कार्यक्रम

# रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से दिया गया शत-प्रतिशत मतदान का संदेश










हरिभूमि न्यूज ▶▶| बालोद

मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला मुख्यालय के हृदय स्थल जय स्तंभ चौक में रात्रि में आयोजित म्यूजिकल नाईट विथ स्वीप कार्यक्रम मनमोहक एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों से साराबोर रहा।




रात्रि के दुधिया रोशनी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मतदाता जागरूकता पर आधारित छत्तीसगढ़ी संस्कृति एवं देशभक्ति से ओतप्रोत कार्यक्रमों की प्रस्तुति के अलावा कविता पाठ किया गया। कार्यक्रम में कला केन्द्र बालोद के अलावा एकलव्य आवासीय विद्यालय डौण्डी के छात्र–छात्राओं तथा जिले के कलाकारों के द्वारा भरथरी गीत, आदिवासी रेला नृत्य, ओडिशी नृत्य आदि विभिन्न कार्यक्रमों की मनमोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के माध्यम से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल के निर्देशानुसार बालोद जिला प्रशासन द्वारा जिले के विभिन्न स्थानों एवं सुदूर अंचलों में लगातार विभिन्न स्वरूपों में आयोजित किए जा रहे मतदाता जागरूकता अभियान का भव्य, आकर्षक एवं रंगारंग समापन किया गया। उल्लेखनीय है कि जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार जिले में अलग–अलग माध्यमों से आयोजित मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत जिला मुख्यालय बालोद के सरदार पटेल मैदान में स्वीप क्रिकेट प्रतियोगिता के अलावा डौण्डीलोहारा विकासखण्ड के ग्राम बड़गांव में स्वीप होली का आयोजन किया गया। इसी तरह आदिवासी बाहुल्य डौण्डी विकासखण्ड के ग्राम आमाडुला में आदिवासी संस्कृति पर आधारित तथा गुरूर विकासखण्ड के ग्राम बोहारा में विशाल संख्या में बैलगाड़ी निकालकर तथा छत्तीसगढ़ी संस्कृति से ओतप्रोत मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया था।

इसके अलावा जिले के विभिन्न स्थानों में अलग–अलग स्वरूपों में मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। इसके माध्यम से आम जनता एवं मतदाताओं को लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व की जानकारी देकर उन्हें अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार के लिए प्रेरित किया गया। जिला मुख्यालय बालोद में आयोजित अंतिम मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत म्यूजिकल नाईट विथ स्वीप कार्यक्रम के अवसर पर नयनाभिराम सांस्कृतिक कार्यक्रमों के सांथ कैण्डल मार्च निकाल कर जिले के मतदाताओं को शत प्रतिशत मतदान करने की अपील की गई।

**मताधिकार के प्रयोग की दिलाई शपथ :** चन्द्रवाल ने कहा कि इस कार्यक्रम के माध्यम से आज जिला स्तरीय मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का समापन किया जा रहा है। उन्होंने आशा व्यक्त किया कि जिले में आयोजित स्वीप कार्यक्रमों के फलस्वरूप आगामी लोकसभा आम निर्वाचनों के दौरान जिले के मतदान प्रतिशत में आशातीत वृद्धि होगी।कार्यक्रम में जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्रवाल ने लोकतंत्र में मताधिकार के महत्व की जानकारी देते हुए उपस्थित सभी लोगों को सभी प्रकार के निर्वाचनों में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई।

### निकाला स्वीप कैण्डल मार्च

इस अवसर पर जय स्तंभ चौक से घड़ी चौक तक स्वीप कैण्डल मार्च निकाला गया। उल्लेखनीय है कि इस स्वीप कैण्डल मार्च में कलेक्टर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. संजय कन्नौजे, सहित अन्य अधिकारी–कर्मचारियों एवं गणमान्य नागरिकों के अलावा स्कूली विद्याथएँ, रेडक्रॉस सोसाईटी के सदस्य, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं तथा केन्द्रीय रिजर्व बल के सशस्त्र जवान भी शामिल हुए।

### जलाए गए स्वीप दीप

कार्यक्रम में विशाल संख्या में स्वीप दीया का भी प्रज्ज्वलन किया गया। इस अवसर पर इन्द्रजीत सिंह चन्द्रवाल ने कहा कि जिले के मतदाताओं को उनके मताधिकार के महत्व की जानकारी देकर उन्हें अनिवार्य रूप से मतदान के लिए प्रेरित करने के लिए जिले के विभिन्न स्थानों में अलग–अलग स्वरूपों में निरंतर मतदाता जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया।

# स्काउट-गाइड और शिक्षक लोगों को पिला रहे ठंडा पानी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| डोंडी

तेज धूप और भीषण गर्मी को देखते हुए अंचल के विभिन्न स्कूलों के स्काउट-गाइड एवं शिक्षकों ने इन दिनों जल सेवा शुरू की है। इसके तहत वे डौंडी मथाई चौक बस स्टैंड पर राहगीरों को मटके का ठंडा पानी पिला रहे हैं। इससे लोगों को घर से बाहर भी ठंडा पानी मिलने से गर्मी व प्यास से कुछ राहत मिल रही है। प्रभारी तनुजा बंजारे ने बताया कि इन दिनों वैवाहिक कार्यक्रम बड़ी संख्या में हो रहे हैं, इसलिए लोगों की आवाजाही ज्यादा है। वहीं, चौक में पीने का पानी मिल जाने से लोगों को राहत मिल रही है। श्रीमती बंजारे ने बताया कि प्रतिदिन संचालित की जा रही इस निःशुल्क जल सेवा में कन्या शाला डौंडी, विवेकानंद हाई स्कूल डोंडी, बालक शाला डौंडी, कुआगोंदी, सुरडोंगर, गुदुम व आदर्श विद्यालय डौंडी के स्काउट-गाइड व शिक्षक सेवा दे रहे हैं।

### शिकसा के सदस्यों ने दी भक्ति गीतों की प्रस्तुति



**अंडा।** शिक्षक कला व साहित्य अकादमी छत्तीसगढ़ ने भगवान श्री हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शिकसा भजन संध्या कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम संयोजक डॉ.शिवनारायण देवांगन आस के संयोजन व कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान की उपस्थिति में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना आरती ठाकुर तथा राजगीत कुसुम जैन ने प्रस्तुत कर किया। सर्वप्रथम संयोजक डॉ. देवांगन, महासचिव डॉ.बोधीराम साहू, सलाहकार डॉ. प्रमोद आदित्य, कार्यक्रम प्रभारी विजय कुमार प्रधान व विनोद कुमार सिंह ने श्री हनुमान जन्मोत्सव के संबंध में अपने विचार रखे। उसके बाद चन्द्र कुमार चन्द्रा, मोहित कुमार शर्मा, ओ.पी. कौशिक रतनपुरिहा, शकुंतला सहंश, तारा बन्छोर, निशा गुप्ता चौधरी, हर नारायण साहू, लक्ष्मी शार्दुल, अनुसूइया सोरी, मनोहर लाल यादव, माधुरी करसाल मधुरिमा, हरमन कुमार बघेल, रामकुमार पटेल, छाया साहू, डॉ.प्रमोद आदित्य, रामेश्वर प्रसाद आदित्य, प्रतिभा राठौर, पवित्रा गुप्ता आदि ने भजन प्रस्तुत कर मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम का संचालन राधेश्याम कंवर तथा आभार प्रदर्शन डॉ. शिवनारायण देवांगन ने किया।

**डौंडी नगर पंचायत के विभिन्न क्षेत्रों में मतदाताओं से की भेंट**

# भाजपा अजा मोर्चा ने की मोदी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने की अपील

**डौंडी।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा द्वारा कांकेर लोकसभा चुनाव के परिप्रेक्ष्य में बालोद जिले के डौंडी मंडल अंतर्गत नगर पंचायत डौंडी के अनुसूचित जाति बहुल क्षेत्र बंधिया पारा, वार्ड क्रमांक 9 सुभाष चंद्र बोस वार्ड में भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग को विजयी बनाने के लिए सघन जनसंपर्क किया गया। अनुसूचित जाति मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष एवं नगर पंचायत डौंडी के पार्षद मात्रमदास कोसरे ने बताया कि बालोद जिला भाजपा अध्यक्ष पवन साहू एवं डौंडी मंडल अध्यक्ष मनीष झा के मार्गदर्शन में सर्वप्रथम अनुसूचित जाति विकास प्राधिकरण छत्तीसगढ़ शासन के पूर्व सदस्य एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश कार्यसमिति के सदस्य अनिल खोबरागड़े ने समाज के धर्मस्थल जैतखाम में पूजा अर्चना कर जनसंपर्क अभियान का शुभारंभ किया। इसके पश्चात नगर पंचायत डौंडी के अध्यक्ष सोमेश सोरी की उपस्थिति में अनुसूचित जाति मोर्चा के सदस्यों ने घर-घर जाकर व्यापक रूप से जन सम्पर्क किया। इस अवसर पर भाजपा नेता अनिल खोबरागड़े ने कहा कि अनुसूचित जाति वर्ग के सर्वांगीण विकास के लिए भारतीय जनता पार्टी प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पुनः इस देश का प्रधानमंत्री बनाने के लिए हम सभी को संकल्प लेना है एवं कांकेर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी भोजराज नाग को भारी मतों से विजयी बना कर इस बार 400 पार के लक्ष्य को पूरा करना है।



जनसंपर्क के दौरान प्रमुख रूप से पवन बंजारे, छन्नू राम भुवार्य, गैंदाराम बघेल, अर्जुन सोनी, शिवराम, यशोदा पाटिल, अम्मू गोयल, सांवली गोयल, प्रमिला निषाद, उर्मिला बघेल, रंभा बंजारे, मोनिका जोशी, बिंदु गोयल, चंचल गोयल सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# आंधी में उड़ा स्थैतिक चुनाव दल का टेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गुरूर



मंगलवार रात्रि 10 बजे अचानक मौसम बदला एवं तेज हवा, आंधी के साथ बूंदा बांदी हुई, तेज हवा से ग्राम पुरूर में कैंप लगाकर वाहनों की जांच करने वाला स्थैतिक चुनाव दल भी चपेट में आ गया। तेज हवा में टेंट खंभे सहित उखड़कर 30 फीट दूर जा गिरा। घटना में कोई हताहत नहीं हुआ।

रात में जिस समय तेज हवा चलने लगी थी, तब पुरूर स्थित कैंप में अतिरिक्त सीईओ बालोद एके ध्रुव के साथ सनौद थाना के कांस्टेबल लिकेश सिन्हा एवं दीपक कतलाम, ड्राईवर जगदीश मंडावी व कैमरामैन हुमेश मानिकपुरी तैनात थे। अचानक तेज हवा चलने से जब टैंट उड़ने लगा, तो पहले सभी ने टेंट को बचाने का प्रयास किया, लेकिन हवा की गति एवं दबाव अधिक होने पर सभी सुरक्षित पास के पक्के मकान में चले गए। टैंट उड़ने के बाद भी पूरी टीम खुले आसमान के नीचे पूरी रात चुनाव ड्यूटी पर तैनात रही एवं सुबह तक सभी अपने दायित्वों का निर्वहन करते रहे।

## निकाली गई शोभायात्रा, हलवा और खिचड़ी प्रसाद का किया गया वितरण

# बाबा दरबार धनोरा में धूमधाम से मनाया गया हनुमान जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में भगवान श्री हनुमान का जन्मोत्सव श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर

- हिरेश व जितेश्वरी सिन्हा ने मानसगान की दी प्रस्तुति

विभिन्न कार्यक्रमों के साथ ही सिरसिदा उत्तर बस्तर वाले हिरेश सिन्हा व जितेश्वरी सिन्हा का मानस गान कार्यक्रम भी रखा गया।

इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कथा का रसपान किया और भक्ति संगीत पर झूमते रहे। दरबार के लक्ष्मण बाबा, चंद्रकांत कोसरे, कुंज लाल साहू राजू यादव



विनोद साहू मनोज पटेल ने बताया कि 23 अप्रैल को गाजे-बाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें जय बजरंग अखाड़ा मंडली सिवनी मंदिर हसौद के सदस्यों ने शानदार करतब का प्रदर्शन किया। शोभायात्रा बजरंग पारा से बाजार चौक, मेन गली शीतला पारा, कर्मा मंदिर, गौरा चौरा, बम्लाई पारा, गोल्डन चौक होते हुए महावीर उद्यान पहुंची।

वहां पूजा पाठ कर के पताका चढ़ाया गया। इस अवसर पर हलवा एवं खिचड़ी प्रसाद का प्रसाद वितरित किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। पूरा गांव भगवान हनुमान की जय से गूंजता रहा। कार्यक्रम में दरबार के विनोद साहू गुलाब साहू मनोज पटेल योगेश साहू राजू यादव मनसुखा साहू गज्जू रायपुरिया बबलू साहू चीन्टू साहू भोलू साहू वासुदेव सपरे उपसरपंच सुंदर स्प्रे कल्याण देवांगन कुंज लाल साहू चन्द्र कांत देवांगन ओमकार साहू रुपलाल टेलर मारियल साहू गुमान टीकम बबीता साहू ललीता यादव सुनीता साहू नीरा साहू लक्ष्मी साहू दुर्गा साहू देवकी साहू अंजू देवांगन टीकेशवरी साहू पुजा साहू डिम्पल सुरुचि हितेश पटेल कौशिलया सेन वेदू साहू नेहा पप्पू नंद पंडा सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित थे।




